प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नई दिल्ली में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है। श्री मोदी ने कहा कि देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ गयी है।

......

चार दिन के इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के मंत्री तथा सीईओ भाग ले रहे है। प्रदर्शनी स्थल और सत्रों की संख्या के मामले में ये दुनिया भर में दूसरा सबसे बड़ा ऊर्जा कार्यक्रम हैं। कनाडा, जर्मनी, जापान, अमेरिका और ब्रिटेन सहित दस देशों ने इस कार्यक्रम में अपना मंडप स्थापित किया है।

000000

राष्ट्र आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। वे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। इस अवसर पर जयपुर के पास धानक्या में दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि और प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित कई मंत्री और विधायक शिरकत कर रहे है। सभा स्थल पर निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया है। शाम को भजन संध्या आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक प्रस्तुतियां देंगे।

000000

....

प्रयागराज महाकुंभ में कल माघ पूर्णिमा का स्नान होगा। बडी संख्या में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के आने की संभावना के मद्देनजर रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने भीड़ की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की। इस बीच उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि 13 महाकुंभ मेला स्पेशल रेलगाडियां चलाई जा रही है। ये रेलगाडियां उदयपुर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर और बीकानेर से उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से 'महाकुंभ 2025' बुकलेट भी यात्रियों को दी जा रही है।

.....

000000

'सेफर इन्टरनेट डे' पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन अपराधों में खास तौर पर बैंक और निवेश के नाम से फर्जी कॉल और फर्जी लिंक भेजकर बैक खाते से रकम उड़ाने की घटनाएं शामिल है। इस वर्ष की थीम ''टूगेदर फॉर ए बैटर इन्टरनेट'' रखी गई है। इस मौके पर बाडमेर में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में लोगों को साईबर स्वच्छता बनाये रखने और साईबर खतरों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कोटपूतली बहरोड़ में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहा है। अजमेर में शिविर लगाकर आमजन को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

000000

प्रदेश में बीते 24 घंटो के दौरान दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। कल सबसे ज्यादा 33 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड हुआ। 15 शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं 19 स्थानों पर रात का पारा 10 डिग्री से ऊपर पंहुच गया है। कल सबसे ठण्डी रात सीकर के फतेहपुर में रही, जहां तापमान 7 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

000000